# कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, श्रीनगर

क्रमांक - 1811 | दिनांक - 10-12-21

## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है राजस्थान महिला कल्याण मण्डल द्वारा संचालित मीनू मनोविकास मन्दिर इन्क्लूसिव उ. प्रा. विद्यालय, चाचियावास, अजमेर विभाग के पत्रांक जिशिअ/प्रा.शि/अज/मान्यता/2014–15/2334 दिनांक 23.07.2014 के अनुसार प्रदान की गई है जो वर्तमान मे UDISE Code 08210308905 है तथा विद्यालय का नियमित संचालन किया जा रहा है।

08210308905

10/12/2024

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीनगर
एव पदन बी.आर.सी.एफ.
समग्र शिक्षा अभियान श्रीनगर

Scanned with CamScanner

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा अजमेर

क्रमांक :–जिशिअ / प्राशि / अज / मान्यता / 2014–15 2334 दिनांक:- 23/7/14

मीनू मनोंविकास मन्दिर इन्क्लूसिव स्कूल
चाचियावास प0स0 श्रीनगर

उप्रावि
(माध्यम हिन्दी)

विषय :–निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा–18 के प्रयोजन के लिए निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 के नियम 11 के उप नियम (4) के अधीन विद्यालय का मान्यता प्रमाण–पत्र।

महोदय / महोदया,

आपके दिनांक ................के आवेदन और इस संबंध में विद्यालय के साथ पश्चात्वर्ती पत्राचार / निरीक्षण के प्रतिनिदेश से मै **मीनू मनोविकास मन्दिर इन्क्लूसिव स्कूल चाचियावास प0स0 श्रीनगर** विद्यालय का नाम पते सहित) को दिनांक 01.07.2014 से दिनांक 30.6.2017 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए कक्षा 6 से कक्षा 8 तक (मान्यता जारी दिनांक से प्रत्येक वर्ष कक्षावार क्रमोन्नत कक्षा 8 तक) के लिए अन्तिम मान्यता प्रदान करने की संसूचना देता हूं। उपरोक्त स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों को पूरा किए जाने के अध्यधीन हैः–

1 मान्यता की मंजूरी विस्तारणीय नहीं है और उसमें किसी भी रूप में कक्षा–8 के पश्चात् मान्यता / संबंधन के लिए कोई बाध्यता विवक्षित नहीं है।

2 विद्यालय निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 (उपाबंध 1) और निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 (उपाबंध 2) के उपबंधों का पालन करेगा।

3 विद्यालय कक्षा 1 में, उस कक्षा के बालकों की संख्या के...25...प्रतिशत तक आस–पड़ौस के कमजोर वगों और अलाभपद समूह के बालकों को प्रवेश प्रदान करेगा और उन्हें निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा, उसके पूरा हो जाने तक उपलब्ध करायेगा।

4 पैरा–3 में निर्दिष्ट बालकों के लिए, विद्यालय को अधिनियम की धारा–12 (2) के उपबंधों के अनुसार प्रतिपूरित किया जाएगा। ऐसी प्रतिपूर्तियां प्राप्त करने के लिए विद्यालय एक पृथक बैंक खाता रखेगा।

5 सोसायटी / विद्यालय किसी कैपिटेशन शुल्क का संग्रहण नहीं करेगा और किसी बालक या उसके माता–पिता या संरक्षक को किसी स्क्रीनिंग प्रक्रियां के अध्यधीन नहीं करेगा।

6 विद्यालय किसी बालक को, उसकी आयु का प्रमाण न होने के कारण प्रवेश देने से इंकार नहीं करेगा। यदि ऐसा प्रवेश जन्म स्थान, धर्म, जाति या प्रजाति या इनमें किसी एक उपलब्ध / निर्धारित आधार पर उत्तरवर्ती चाहा गया है।

7 विद्यालय सुनिश्चित करेगा कि :–

**(ii)** प्रवेश दिए गए किसी भी बालक को, विद्यालय में उसकी प्राथमिक शिक्षा पूरी होने तक किसी कक्षा में अनुत्तीर्ण नहीं किया जायेगा या उसे विद्यालय से निष्कासित नहीं किया जायेगा।?

जिला शिक्षा अधिकारी
(प्रारम्भिक शिक्षा), अजमेर

(II) किसी भी बालक को शारीरिक दंड या मानसिक उत्पीडन के अध्यधीन नहीं किया जायेगा।

(III) प्राथमिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बालक से कोई बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

(IV) प्राथमिक शिक्षा पूरी करने वाले प्रत्येक बालक को नियम–23 के अधीन अधिकथित किए अनुसार एक प्रमाण–पत्र प्रदान किया जायेगा।

(V) अधिनियम के उपबंधों के अनुसार निःशक्तता ग्रस्त/विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का समावेश किया जाना।

(VI) अध्यापकों की भर्ती अधिनियम की धारा 23(1) के अधीन यथा अधिकथित न्यूनतम अर्हताओं के साथ की जाती है परन्तु और यह कि विद्यमान अध्यापक जिनके पास इस अधिनियम के प्रारंभ पर न्यूनतम अर्हताएं नहीं है, पांच वर्ष की अवधि के भीतर ऐसी न्यूनतम अर्हताएं अर्जित करेंगे।

(VII) अध्यापक अधिनियम की धारा 24(1) के अधीन विनिर्दिष्ट अपने कर्त्तव्यों का पालन करता है, और अध्यापक स्वयं को किसी निजी अध्यापन क्रियाकलापों में नियोजित नहीं करेंगे।

8 विद्यालय समुचित प्राधिकारी द्वारा अधिकाधिक पाठ्यचर्चा के आधार पर पाठ्यक्रम का पालन करेगा।

9 विद्यालय अधिनियम की धारा–19 में अधिकथित, विद्यालय में उपलब्ध प्रसुविधाओं के अनुपात में विद्यार्थियों का नामांकन करेगा।

10 विद्यालय अधिनियम की धारा–19 में यथानिर्दिष्ट विद्यालय के मानकों और संनियमों को बनाए रखेगा। अंतिम निरीक्षण के समय प्रतिवेदन की गई प्रसुविधाऐं निम्नानुसार हैं :–
विद्यालय परिसर का क्षेत्र
कुल निर्मित क्षेत्र
क्रीडा स्थल का क्षेत्रफल
कक्षा कमरों की संख्या
प्रधानाध्यापक–सह–कार्यालय–सह–भंडार कक्ष
बालक और बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय
पेयजल सुविधा
मिड–डे–मील पकाने के लिए रसोई, बाधा रहित पहुंच
अध्यापक पठन सामग्री/क्रीडा खेलकूद उपस्करों/पुस्तकालय की उपलब्धता

11 विद्यालय के परिसरों के भीतर या उसके बाहर विद्यालय के नाम से कोइ गैर मान्यता प्राप्त कक्षाऐं नहीं चलाई जाएंगी।

12 विद्यालय भवनों या अन्य संरचनाओं या क्रीडा स्थल का प्रयोग केवल शिक्षा और कौशल विकास के प्रयोजनों के लिए किया जाता है।

13 विद्यालय को राजस्थान सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1958 के अधीन पंजीकृत किसी सोसायटी द्वारा या राजस्थान लोक न्यास अधिनियम 1959 के अधीन गठित किसी लोक न्यास द्वारा चलाया जा रहा है।

14 विद्यालय को किसी व्यष्टि, व्यष्टियों के समूह या किन्ही अन्य व्यक्तियों के लाभ के लिए नहीं चलाया जा रहा है।

15 विद्यालय के लेखाओं की चार्टड अकाउंटेंट द्वारा संपरीक्षा की जानी चाहिए और उसके द्वारा



जिला शिक्षा अधिकारी
(प्रारम्भिक शिक्षा), अजमेर

प्रमाणित किया जाना चाहिए तथा उचित लेखा विवरण नियमों के अनुसार तैयार किया जाना चाहिए। प्रत्येक लेखा विवरण की एक प्रति प्रत्येक वर्ष जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा).. अजमेर को भेजी जानी चाहिए।

16 आपके विद्यालय को आवंटित मान्यता कोड संख्यांक 2334 है। कृपया इसे नोट कर लें और इस कार्यालय के साथ किसी पत्राचार के लिए इसका उल्लेख करें।

17 विद्यालय ऐसे प्रतिवेदन और सूचना प्रस्तुत करता है जो समय–समय पर निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर/जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा)...अजमेर........द्वारा अपेक्षित हो और राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकारी के ऐसे अनुदेशों का पालन करता है, जो मान्यता संबंधी शर्तों के सतत् अनुपालन को सुनिश्चित करने या विद्यालय के कार्यकरण की कमियों को दूर करने के लिए जारी किए जाएं।

18 सोसायटी के पंजीकरण के नवीनीकरण, यदि कोई हो, को सुनिश्चित किया जाए।

19 संलग्न उपाबंध–के अनुसार अन्य कोई शर्त।

जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारम्भिक शिक्षा अजमेर

८

## :: कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) अजमेर ::

### :: कार्यालय-आदेश ::

इस कार्यालय के पूर्व आदेश क्रमांक जिशिअ/प्राशि/अज/शिक्षा-मान्यता/2000/3344........ दिनांक 30-6-2000 के अनुसार मीनू मनो विकास मंदिर, सिविल लाईन, अजमेर को सत्र 2000 से ~~उच्च प्राथमिक~~ विशिष्ठ संस्थान स्तर पर ....... माध्यम से प्रदान की गई अस्थाई मान्यता को निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के आदेश क्रमांक : शिविरा/प्रार/शैक्षिक/01/सी/19626/मुख्य/बी-II/ दिनांक 6.10.2001 के अनुसार अस्थाई को विलोपित किया जा कर ~~उच्च प्राथमिक~~ विशिष्ठ संस्थान स्तर पर ....... माध्यम से स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय के समकक्ष घोषित किया जाता है ।

शेष यथावत रहेगा ।

sd/-
जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारम्भिक शिक्षा अजमेर

क्रमांक:- जिशिअ/प्राशि/अज/मान्यता/2003/567-71 /दिनांक 2-4-03

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित /

1- निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर
2- उपनिदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा अजमेर मण्डल अजमेर
3- संस्था प्रधान/सचिव....मीनू मनोविकास मन्दिर (राज० म० क० मण्डल अजमेर)
4- प्रभारी शैक्षिक प्रकोष्ठ/सांख्यिकी/कार्यालय हाजा
5- निर्देशन पत्रावली

(signature)
जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारम्भिक शिक्षा अजमेर